

श्री अनुपम पुष्करनाथ खेर

Shri Anupam Pushkarnath Kher



पद्म भूषण

Padma Bhushan



राष्ट्रपति से अलंकरण प्राप्त करते हुए

Receiving the decoration from the President

श्री अनुपम पुष्करनाथ खेर

श्री अनुपम पुष्करनाथ खेर भारत के बेहतरीन कलाकारों में गिने जाते हैं, आपने विश्वभर के 125 थिएटर प्रॉडक्शनों की लगभग 500 फिल्मों में काम किया है। आप एक्टर प्रेपयर्स के संस्थापक अध्यक्ष हैं, जोकि अंतरराष्ट्रीय जगत में एक मान्यता प्राप्त एक्टिंग स्कूल है, जिसकी शुरूआत आपने वर्ष 2004 में मुंबई में की थी।

2. आपका जन्म 7 मार्च, 1955 को शिमला में हुआ। आप 1975 के पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के पास–आउट हैं और मोहन राकेश स्वर्ण पदक विजेता हैं। आगे आपने दिल्ली में राष्ट्रीय नाट्यविद्यालय में प्रशिक्षण प्राप्त किया जहां से 1978 में आपने उपाधि ग्रहण की। व्यावसायिक प्रशिक्षण के बाद, आपने लखनऊ में नाट्यशास्त्र की शिक्षा दी और वर्ष 1981 में हिन्दी सिनेमा उद्योग में कॅरिअर की तलाश में मुंबई आ गए।

3. वर्ष 1984 में, महेश भट्ट की ख्याति प्राप्त फिल्म सारांश में मुख्य भूमिका का किरदार हासिल किया यह एक ऐसा किरदार था, जिसने आपको राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दी और कई एक पुरस्कार दिलाये। आपकी अन्य यादगार भूमिकाओं में 'डैडी' जिसके लिए आपको राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गयाय हम आपके हैं कौन, कर्मा, लम्हे, हम, दिल वाले दुल्हनियां ले जाएंगे, मैंने गांधी को नहीं मारा, खोसला का घोसला, अ वेडेनेस्डे एवं स्पेशल 26 प्रमुख हैं। आपके द्वारा अभिनीत कई चरित्र ऐसे हैं, जिनका आपके प्रशंसक अनुगमन करते हैं।

4. आपने विश्व स्तरीय निर्देशकों जैसे गुरिंदर चड्ढा, ऐंग ली, वूडी एलेन एवं डेविड ओ रसेल की फिल्मों में काम किया तथा आप ऐसे एकमात्र भारतीय कलाकार हैं, जिन्होंने हालीवुड के बहुचर्चित सितारे राबर्ट डी नीरो के साथ पर्दे पर सह–अभिनय किया। आपने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाली फिल्मों का निर्माण किया, जिनमें बारी वाली और मैंने गांधी को नहीं मारा, प्रमुख हैं। आप विश्व में एकमात्र ऐसे कलाकार हैं जिन्होंने अपने लोकप्रिय नाटक "कुछ भी हो सकता है" के किरदार में अपने जीवन को निबंधित किया। आपके नाटक का विश्वभर में 325 से अधिक बार मंचन हुआ है और इसे सफलतापूर्वक टेलीविजन शो के रूप में रुपांतरित किया गया है, जिसे 'द अनुपम खेर शो' के नाम से जाना जाता है।

5. आपने सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष तथा राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया है। वर्ष 2008 में आपने अनुपम खेर फाउन्डेशन का शुभारंभ किया, जोकि एक कल्याणकारी संगठन है और अभावग्रस्त बच्चों के लिए कार्य करता है। आपको इस कार्य के लिए दलाईलामा पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है। वर्ष 2011 में, आपने लाइफ कोचिंग पर 'द बेस्ट थिंग अबाउट यू इज यू' शीर्षक से एक पुस्तक का लेखन भी किया है। यह पुस्तक सर्वाधिक बिक्री वाली पुस्तकों में शामिल है और वर्तमान में इसका 19वां संस्करण प्रचलन में है, साथ ही इसका 11 भाषाओं में अनुवाद हो चुका है। वर्ष 2015 में, आपको संयुक्त राष्ट्र के 'ही फॉर शी कैम्पेन' जो लैंगिक समानता के संघर्ष पर आधारित है, का राजदूत नियुक्त किया गया है।

6. आपको अनेक सम्मानों और पुरस्कारों से नवाजा गया है। आपको लगातार 8 फिल्म फेयर पुरस्कार जीतने का श्रेय प्राप्त है। भारत सरकार ने वर्ष 2004 में आपको पद्म श्री से विभूषित किया था। आपको दलाईलामा पुरस्कार से भी पुरस्कृत किया गया है।

Shri Anupam Pushkarnath Kher

Shri Anupam Pushkarnath Kher is one of the finest actors in India, having worked in almost 500 films over 125 theatre productions globally. Shri Kher is also the Founder Chairman of Actor Prepares, the internationally recognized acting school which he started in 2004 in Mumbai.

2. Born on March 7, 1955 in Shimla, Shri Kher passed out of Chandigarh's Punjab University in 1975 with the Mohan Rakesh Gold Medal. He further pursued his training from the National School of Drama in Delhi from which he graduated in 1978. Post his professional training, he taught dramatics in Lucknow and in 1981 came to Mumbai to seek a career in the Hindi Film industry.

3. In 1984, Shri Kher bagged the lead role in Mahesh Bhatt's acclaimed film *Saraansh*; a role which won him national recognition and several awards. His other memorable performances are in *Daddy*, for which he won the National Award, *Hum Aapke Hai Kaun, Karma, Lamhe, Hum, Dilwale Dulhaniya Le Jayege, Maine Gandhi Ko Nahi Maara, Khosla ka Ghosla*, A Wednesday and *Special 26*, to name a few. Many of the characters he has essayed have had a cult following.

4. Shri Kher has acted in films with world-class directors such as Gurinder Chaddha, Ang Lee, Woody Allen and David O Russell and is the only Indian Actor to have shared screen space with the Hollywood legend Robert De Niro. Shri Kher has also produced national and international award-winning films such as Bariwali and Maine Gandhi Ko Nahin Maara. He is the only actor in the world who has essayed his life in a performance in his popular play Kucch Bhi Ho Sakta Hai. Over 325 performances of this play have been staged world over and it has been translated into a successful television show called the The Anupam Kher Show.

5. Shri Kher held the post of Chairman of the Censor Board and Chairman of the National School of Drama. In 2008 he started the Anupam Kher Foundation, a charity organization that works for underprivileged children. He has been awarded the Dalai Lama Award for the same work. In 2011, he authored his book on life coaching titled The Best Thing About You is You! The Book is a best-seller and is currently in its nineteenth edition and has been translated in 11 languages. In 2015 he has been appointed the Ambassador for the UN's He For She Campaign, which strives for gender equality

6. Shri Kher has been showered with innumerable accolades and awards. He holds the distinction of winning 8 Filmfare awards in a row. The Government of India conferred him the Padma Shri in 2004. He has been also awarded the Dalai Lama Award.